(1)	(2)	(3)
3	Polyhydron, Balgaun. . .	Hyderaulic elements.
4	Micro-Engineering (India) Bombay	Non-ferrous Tube Mill Mechinery
5	Raj Iron Foundry, Agra	Foundry Modernisation.
6	Victor Tools Pvt. Ltd., Jalandhar .	Hand Tools
7	Raj & Sandeeps, Ludhiana.	Hand Tools
	Marble & Granite	
8	Crystal Granite & Marble Pvt. Ltd., Bombay. ,	Granite Tools
9	Aristocrats Floorings Pvt. Ltd., Hyderabad	Granite Blocks. & Tiles.
	Leather Processing & Goods	
10	Taj Shoe, Agra	Shoes & Tannery.
11	Park Exports, Agra .	Shoes.
12	Kapurthala Northern India Tannaries, Kapurthala. *	• - Chrome & Vegetable Tannery.
t 13	Aero Leather Pvt. Ltd., Jalandhar	Chrome Tannery/Oil Plant
14	Soccer Tanneries, Jalandhar	Leather Tannery.
15	M.S. Shoes (East) Ltd., Delhi.-. - .	Gents & Childrens' shoes.
	Food Processing & Packaging	
16	Kwality Biscuits Ltd., Bangalore.	Sponge cakes & Baby food biscuits.
17	Raj Iron Foundry, Agra	Sponge cakes & biscuits, baby food & pulp.
18	Priya Foods, Hydarabad	Baby Food & Fruit pulps.
19	Mekinds-Agro Products Ptvt. Ltd., Hyderabad.	■ Food processing machinery, potato chips.
20	Bharat Biscuits Pvt. Ltd., Calcutta .'	Baby biscuits & manufacture of biscuits plants & ovens.
21	Daw Son & Co. Ltd., Calcutta	Food processing.
•22	Micro Engineering (India), Bombay .	Packaging (Laminating) machinery.
23	Malhati Tea, Calcutta . . " .	Tea Packaging Machinery.

पंजाब में औद्योगिक विकास की दर

2462. श्री राम जेठमलानी : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन के पहले दो वर्षों के दौरान वहां के औद्योगिक विकास की दर संपूर्ण भारत की औसत दर से कम रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) सी० एस० ओ० औद्योगिक उत्पादन की राज्य-वार सूची संकलित नहीं करता । तथापि, कुल मिलाकर देश के औद्योगिक उत्पादन की संपूर्ण सूची के अनुसार, 1987-88 तथा 1988-89 के दौरान विकास दरें क्रमश: 7.3 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत थीं ।

खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा ग्रामीण रोजगार का सृजन

2463. श्री राम जेठमलानी : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण युवकों को रोजगार देने के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग ने इस वर्ष एक विशेष योजना को कार्यान्वित करने का निर्णय लिया है ;

(ख) निर्धारित लक्ष्य क्या है ; और

(ग) इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) से (ग) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के सभी कार्यकलापों और योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराने के अनुकूल बनाया गया है । वर्ष 1988-89 के लिए खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग का रोजगार लक्ष्य 2 लाख व्यक्ति है ।

उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आवेदन-पत्र

2464. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में लघु और मझोले पैमाने के उद्योग लगाने के संबंध में पिछले तीन सालों में कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ; और

(ख) उन उद्योगों की संख्या कितनी है जिन्हें आशय-पत्र जारी कर दिए गए हैं और उनका ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम०अरुणाचलम्): (क) 1-1-1986 से 31-5-1989 की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में मझले तथा बड़े उद्योग स्थापित करनेहेतु 1148 आवेदन पत्र प्राप्त हुए । इनमें से, 387 आवेदनों का अनुमोदन कर दिया गया है और आशय पत्र मंजूर कर दिए गए हैं । शेष 761 आवेदन पत्रों में से, 516 नामंजूर कर दिए गए हैं अन्यथा निबटा दिए गए हैं तथा 245 आवेदन पत्र प्रक्रिया के विभिन्न अवस्थाओं में हैं। लघु उद्योगों का पंजीकरण राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है ।

(ख) 1-1-1986 से 31-5-1989 की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु 478 आशय पत्र जारी किए गए हैं । आशय पत्रों के ब्यौरे भारतीय निवेश केन्द्र द्वारा अपने "मासिक समाचार पत्र" में प्रकाशित किए जाते हैं । इस प्रकाशन की प्रतियां संसद पुस्तकालय को नियमित रूप से भेजी जा रही हैं ।